## संक्षिप्त

### माल्यावास की बेटी पूनम बनी सी. ए.



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम माल्यावास की बेटी पूनम कंवर खंगारोत ने सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता के साथ ही क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। क्षेत्र के समाजसेवी धीरज सिंह ने बताया कि पूनम कंवर खंगारोत इस गांव की पहली बेटी है जिसने सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता के साथ समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं पूनम कंवर ने बताया कि माता पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद और सहयोग के साथ ही मैंने 6 से 8 घंटे तक नियमित पढ़ाई की है यह उसी का प्रतिफल है।

### कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला कार्यकारिणी के चुनाव आगामी 09 जुलाई रविवार को दोपहर 3 बजे गौशाला परिसर में आयोजित होगें। महामंत्री सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनावों को लेकर कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें दो वर्षो का समय पूर्ण हो जाने पर चुनाव करवाये जाने को लेकर चर्चा करते हुए सुरेश मोठुका को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

### महाकुंभ को लेकर पीले चावल बांटे

**निवाई, (निसं)।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में तीन सितंबर को जयपुर विद्याधर नगर स्टेडियम में विश्वकर्मा महाकुंभ का आयोजन होगा। जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड पीपलू ने बताया कि महाकुंभ को सफल बनाने को लेकर अधिक से अधिक समाजबंधुओं को इसमें शामिल होने को लेकर तहसील सभाओं द्वारा पीले चावल बांटे जा रहे हैं। इस महाकुंभ में समाज के राजनैतिक अस्तित्व को उठाने, समाज बन्धुओं की एकता का संकल्प लेकर जांगिड ब्राह्मण समाज का शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा।

# सीवरेज कार्यों में अनियमितता एवं टूटी सड़कों को ठीक करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** 6 जुलाई को पूर्व सभापति ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि टोंक शहर के गली एवं मौहल्लों में सड़कें उखड़ी पड़ी हुई हैं। पूर्व में भी कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी शहरवासियों की सुनवाई नहीं हो पा रही है।

आरयूआईडीपी की ढिलाई के चलते सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो रखे हैं।

■ पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया



पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ( बाएं से दूसरे ) ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ( बाएं ) को ज्ञापन दिया।

जिससे लोगों के आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं पूरे शहर में गंदगी फैली हुई है, गलियों में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। गाड़ियों से कई बार वृद्धजन गिर जाते हैं। उन्होंने बताया कि सीवरेज का कार्य मेरे सभापति के कार्यकाल में भी चल रहा था लेकिन शहर वासियों को इतनी बदतर स्थिति से गुजरना नहीं पड़ा था। हाल ही में अधिकारियों की अनदेखी के कारण मेरे शहर वासी काफी नारकीय स्थिति से गुजर रहे हैं शहर में सीवरेज व पेयजल की लाइनें डालने के लिए सड़कों को तोड़ दिया गया है लेकिन उनका निर्माण नहीं किया गया है। जिससे शहरवासियों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। संबंधित विभाग की अनदेखी के चलते शहर वासियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है बारिश में टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया है, लोगों का घर से बाहर निकलना भी दुश्वार हो चुका है।

उन्होंने ज्ञापन देते हुए कलेक्टर से आग्रह किया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर शीघ्र ही कार्य पूरा करवाएं, अन्यथा शहर वासियों को आंदोलन की ओर रूख करना पड़ेगा। जिला कलेक्टर ने विषय की गंभीरता को समझते हुए तुरंत प्रभाव से पूर्वसभापति लक्ष्मी जैन के सामने उच्च अधिकारियों को आदेश दिया कि इस विषय को गंभीरता से लें और तुरंत प्रभाव से शहर के अंदर जहां-जहां भी हालात खराब हैं, उन्हें दुरुस्त किए जाएं। इस अवसर पर पार्षद मुकेश कश्यप, पार्षद मुकेश सेनी, देवराज गुर्जर, बृजराज शर्मा, नंदकिशोर सैनी, भाजपा युवा नेता विनायक जैन, अजीत गुप्ता अनुराग शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

## विधायक ने कर्मचारियों को धन्यवाद दिया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** राजस्थान शिक्षा विभाग के बहरोड़ विधानसभा के 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम प्रथम स्थान पर आने से विधायक बलजीत यादव द्वारा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग आदि से संबंधित विभागीय कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने से विधानसभा क्षेत्र को अग्रणी करने में योगदान करने के चलते विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने पर सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि राजस्थान शिक्षा विभाग के अंतर्गत पूरे राजस्थान में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम के सर्वोच्च स्थान पर रहने पर एक तरफ जहां विधायक बलजीत यादव द्वारा क्षेत्र के शिक्षकों को धन्यवाद देकर विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने पर बधाई दी। वहीं यादव ने जिला अस्पताल बहरोड़ के डॉक्टर सत्यवीर यादव, डॉक्टर सुरेश यादव, डॉक्टर आदर्श यादव एवं महिला डॉक्टरों सहित सभी अस्पताल स्टाफ एवं क्षेत्र के सभी महिला एवं बाल विकास कल्याण से संबंधित विभागीय सभी कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में हर प्रकार की व्यवस्था में क्षेत्र की जनता का समुचित सहयोग करने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र की व्यवस्था में सजगता से कार्य करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर उनको बधाई देते हुए उनियारा भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि रास्थान की सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई इनके राहत कैम्प आफत कैम्प में तब्दील हो गए। विगत साढ़े चार वर्षों में अपने किए हर वादे में विफल हुई प्रदेश कांग्रेस राजस्थान में श्राप की तरह व्याप्त है। जनता जल्द ही इस अकर्मण्य कांग्रेस को प्रदेश से विदा दिलाएगी। स्वागत में पूर्व जिला उपाध्यक्ष बाबू लाल कासलीवाल, भाजपा शहर महामंत्री जगदीश साहू, किसान नेता बद्री भारती, सैनी समाज उनियारा अध्यक्ष तेजपाल सैनी, पूर्व भाजपा देहांत अध्यक्ष रामप्रशाद मीणा, किसान नेता कजोड़ चौधरी फंची पटवा मोहन सैनी अन्य सभी भाजपाई मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री बताएं वीडियो कॉन्टेस्ट से कैसे करेंगे जनता का भला : सी.पी. जोशी

**'करोड़ों लोगों में से कुछ लोगों को पुरस्कार बांटेंगे, लेकिन ढ़िंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे प्रदेशवासियों को देंगे बड़ी सहूलियत'**

**जयपुर, (कासं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट योजना पर आपत्ति जताते हुए कहा कि, गहलोत सरकार कोई प्रोडक्ट बेचने वाली कंपनी है या जनता द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकार। जब किसी कंपनी के प्रोडक्ट नहीं बिकते हैं, तो वह इस प्रकार की योजना लाती है।

आपकी सरकार ने भी साढे चार वर्षों तक जनता के सभी प्रमुख मुद्दों की अनदेखी के बाद अब 24 अप्रेल 2023 से प्रारम्भ हुए राहत शिविरों में प्रदेश के विकास और राहत का दावा किया, परन्तु वास्तव में प्रदेश की जनता महंगी

■ गहलोत सरकार का जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट ''खोदा पहाड़, निकली चुहिया'' जैसा : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

बिजली, महिला, बुजुर्ग, दलित और समाज के हर वर्ग पर अपराध, अत्याचार, माफिया राज, भ्रष्टाचार और कांग्रेस के झूठे वादों से बुरी तरह त्रस्त हैं। मुख्यमंत्री यदि जनता का दर्द समझते तो कुर्सी सम्भालते ही जनता की समस्याओं का निवारण करने का प्रयास करते। अगर प्रारम्भ से ही जनता के प्रति गहलोत सरकार जवाबदेही होती तो आज यह सब नौटंकी करने की आवश्यकता नहीं पडती।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप अपने सोशल मीडिया हैंडल से लगातार सरप्राइज-सरप्राइज की बात कर रहे थे, परन्तु यह योजना तो खोदा पहाड़ और निकली चुहिया जैसी है। इस योजना के विज्ञापनों को देखकर प्रदेश की जनता को तो ऐसा लगा था कि आप राजस्थान के करोड़ो लोगों को बहुत बड़ी राहत देने वाले है, परन्तु इस योजना से जनता आहत हुई है। पिछले माह भी आपने आधी रात को बिजली बिल में 100 यूनिट तक फ्री के बाद अगले 100 यूनिट तक किसी प्रकार के अतिरिक्त चार्ज नहीं लगाने की बात कही थी, परन्तु इस माह जो बिजली के बिल आए हैं, उसमें आपकी इस राहत की पोल खुल गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश के करोड़ो लोगों में से 3090 लोगों को ईनाम बांटने की बात करते हो और कई दिनों से सरप्राईज-सरप्राईज लिखकर जादूगरी कर रहे थे। जनता समझदार है, वह आपके इस छल को समझ चुकी है, जनता को पता है कि आप अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इस तरह के काम कर रहें हैं।

## सार-समाचार

### सड़क बनी तालाब, राहगीर परेशान



**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा कस्बा सहित आस पास क्षेत्र के गांवों को एनएच से जोड़ने वाला सर्विस रोड मार्ग जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से तालाब का रूप ले चुका है। जिससे राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो गया है। बरसात के मौसम में कीचड़, पानी और गड्ढों से संघर्ष करते हुए मुश्किल से लोग यात्रा करने को विवश हैं। इस सड़क पर बने विशाल गड्ढों में हमेशा कीचड युक्त पानी जमा रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 की सर्विस लेन ने तालाब का रूप अतियार कर लिया है। यहां हल्की बारिश होने पर सर्विस लेन के अलावा घरों दुकानों में पानी भर जाता है। सर्विस लेन पर पानी की निकासी के लिए नाली तो बनाई गई है, मगर इसकी साफ-सफाई नहीं होने के कारण पानी जमा हो जाता है। पानी के कारण सडक कमजोर हो रही है। सर्विस लेन कस्बे का मुय सडक मार्ग होने के कारण चौबीसों घंटे वाहनो का परिचालन होता है। ऐसे में पानी जमा रहने के कारण राहगीर जर्जर सडक पर चलने को विवश हैं तो कई दुर्घटना का शिकार भी हो चुके है। इसके उपरांत भी विभाग मौन है, जिससे परेशान राहगीरों में रोष व्याप्त है।

### दिनदहाड़े हुईं चोरी की वारदातें

**दूदू, (निसं)।** थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े चोरी की वारदाते हुई हैं। पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गांव में दिन दहाड़े चोरों के गिरोहों द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। धांधोली निवासी हनुमान जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराकर अवगत कराया कि दोपहर 2 बजे रतनी देवी घर पर अकेली थी बाइक पर सवार 2 युवक रास्ते से गुजर रहे थे, जिन्होंने रूककर पानी के लिए पूछा इसी दौरान नाक से 01 तोला सोने का भंवरया तोड़कर भाग छूटे। दूसरी वारदात ककराला गांव में हुई दिन दहाड़े मेवाराम गुर्जर के सूने घर में 1 बाइक सवार युवक घुसकर बक्से का ताला तोड़ वारदात को अंजाम दे रहा था। इसी दौरान पड़ोसी ने देख लिया अन्य पड़ोसियों को इक्कठा कर चारों तरफ से घेरा बन्दी कर आरोपी को पकड़कर दूदू थाने के हवाले कर दिया। पूछताछ में पाया कि आरोपी भैंस खरीदने के बहाने घरों में घुसकर पूरी जानकारी जुटा लेता था। मौका पाकर सूने मकानों को चोरी का निशाना बना घर साफ कर देता था। पुलिस आरोपी फूलचन्द जाट निवासी दुर्जनियावास से पूछताछ कर रही है।

### शान्ति नाथ जिनालय में चोरी

फागी, (निसं)। क्षेत्र के चकवाड़ा ग्राम में धर्म गुणामृत ट्रस्ट गुण स्थली पर 5 जुलाई को रात्रि में चोरों ने शान्ति नाथ जिनालय में चोरी की वारदात कर कीमती सामान चुरा लिया, जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा और गुणस्थली प्रभारी महेंद्र कासलीवाल, मंत्री जयकुमार गंगवाल, कोषाध्यक्ष विनोद जैन कलवाड़ा ने बताया कि मंदिर का माली शंकर लाल माली 6 जुलाई को प्रात: 5:30 बजे झाडू निकालने गया तब उसको मंदिर के ताले टूटे हुए मिले, और साइड का गेट खुला हुआ मिला, अंदर जाकर देखा तो मंदिर की अलमारी का भी ताला टूटा हुआ मिला, जिसमें करीब 500 ग्राम वजनी चांदी का दीपक गायब मिला, और जगह-जगह बर्तन बिखरे हुए थे जिसमें कुछ बर्तन भी चोरी गए, माली ने तुरंत ट्रस्ट के लोगों को टेलीफोन पर घटना की सूचना दी जिस पर ट्रस्टियों ने आकर घटनास्थल को देखा ओर जानकारी लेकर फागी थाने पर चोरी की सूचना दी जिस पर फागी थाना अधिकारी भंवरलाल वैष्णव मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे घटनास्थल का मौका मुआयना किया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टैंकर की टक्कर से ए.एन.एम. घायल

**खैरथल, (निसं)।** शहर के इस्माइलपुर रोड़ पर रीको औद्योगिक क्षेत्र में सर्वोदय गेट के सामने तेल के टैंकर की टक्कर से स्कूटी पर सवार ए एन एम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। थानाधिकारी अंकेश कुमार ने बताया कि सूचना पर तुरंत पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल ए एन एम को सेटेलाइट अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सुबह के समय खैरथल के वार्ड नंबर 15 के निवासी पवन कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष स्कूटी पर सवार होकर समीप के गांव जिलौता में ड्यूटी पर जा रही थी कि सर्वोदय गेट के सामने ट्रक टैंकर नंबर यूपी 83-5241 के चालक ने तेज़ व लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारदी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक का आगे का पहिया उसकी एक टांग पर चढ़ गया। जहां से गंभीर हालत होने के कारण उसे जिला अस्पताल अलवर के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक टेंकर व स्कूटी को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### मंत्री कई कार्यों का लोकार्पण करेंगे

**रामगढ़ पचवारा लालसोट मंडावरी (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा लालसोट विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों का लोकार्पण कर आम जनता को समर्पित करेंगे। चिकित्सा मंत्री के निजी सहायक अभिनेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सुबह 11 बजे रामगढ़ पचवारा उपखंड के सोनड ग्राम में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण करेंगे। उसके बाद दोपहर करीब 12 बजे बदरखा ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का एवं उसके पश्चात दोपहर 1 बजे स्वास्थ्य केंद्र नथुनिया के नए भवन का एवं दोपहर 2 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल आवास के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे। चिकित्सा मंत्री मीणा 10 जुलाई सोमवार को 11 बजे सुरतपुरा ग्राम पंचायत पर स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे वहीं दोपहर 12 बजे उप स्वास्थ्य केंद्र काकरिया के एवं दोपहर 1 बजे उप स्वास्थ्य केंद्र मिर्जापुरा के व दोपहर 2 उप स्वास्थ्य केंद्र मटलाना के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे। वह चिकित्सा मंत्री मीणा इन लोकार्पण कार्यक्रमों के साथ जनसुनवाई भी करेंगे।

# कांग्रेस जिस एकता व जीत का दावा करती थी, ऐसे बिखरे कुनबे की वापसी असंभव : पूनिया

■ 'कांग्रेस आलाकमान खुद इतना कमजोर है कि निर्णय लेने की उनकी क्षमता नहीं है, कांग्रेस के झगड़े से राजस्थान की जनता को बड़ा नुकसान हुआ'

■ कांग्रेस की एकजुटता का दावा आगामी चुनाव में फुस्स होने वाला है : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** राजस्थान की कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी में चल रहे अंतरकलह को लेकर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान की बैठक पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, इतना लंबा अरसा बीत गया और राजस्थान की जनता के हित की बात यही होती कि समय रहते इसका समाधान होता, ऐसा लगता है कि कांग्रेस आलाकमान खुद इतना कमजोर है कि निर्णय लेने की उनकी क्षमता नहीं है।

लिहाजा इस बात की हमें पीड़ा है कि कांग्रेस के झगड़े से राजस्थान की जनता को बड़ा नुकसान हुआ है, यह तो किस्सा कुर्सी का खेलते रहे, लेकिन कांग्रेस का जो आलाकमान है उसको समयबद्ध रूप से निर्णय करना था, तारीख दर तारीख बढ़ती गई, लेकिन कांग्रेस की तरफ से लीडरशिप का या उनकी तरफ से जो बचे हुये मसले थे उनका कोई समाधान नहीं हुआ। प्रभारी बदल दिए गए, कांग्रेस का जो संगठन है उसके बारे में कहा गया कि धरातल तक संगठन को पुनर्जीवित करेंगे, लेकिन जिस तरीके की बयानबाजी, जिस तरीके की चिट्ठी पत्री, आचरण कांग्रेस पार्टी के नेताओं का दिखता है, मुझे लगता है कि इस कुनबे को एक रखना कांग्रेस के आलाकमान के लिए बड़ी चुनौती है।

अब लगभग मुझे तो उम्मीद खत्म हो चुकी कि कांग्रेस जिस एकता का, जिस जीत का वह दावा करती थी, जिसके आधार पर वापसी का दावा करते थी, पर ऐसे बिखरे कुनबे की वापसी असंभव है। कांग्रेस की बैठक में वही होगा, खोदेंगे पहाड़ निकलेगी चुहिया, जो अब तक होता आया है, इससे ज्यादा कुछ संभावना लगती नहीं है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि 25 सितंबर 2022 को कांग्रेस आलाकमान के भेजे गए दूतों को बेइज्जत कर बैरंग लौटाने वाले कांग्रेस के नेता आज दिल्ली में बैठक कर एकजुट होने का जो दावा कर रहे हैं वह आगामी चुनावों में फुस्स होने वाला है।

राठौड़ ने कहा कि, पार्टी के खिलाफ बयानबाजी करना और अपने ही बयानवीरों पर एक्शन नहीं लेना कांग्रेस की परिपाटी बन चुका है। राठौड़ ने कहा कि, कांग्रेस आलाकमान शायद यह भूल गया है कि राज्य की राजनीति में निकम्मा, नाकारा, गद्दार और कोरोना जैसे शब्दों का ईजाद कांग्रेस के ही बयानवीरों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाने के लिए किया था।

तत्सम्य भी बयानवीरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कहां से होगी ? राठौड़ ने कहा कि, जिस सरकार की नींव ही अंतर्कलह पर रखी गई हो तथा जहां हर कांग्रेस विधायक/प्रत्याशी स्वयं को मिनी मुख्यमंत्री समझने में लगा हो वहां एकजुटता का यह दृश्य मृग मरीचिका के समान है। साढ़े 4 वर्षों में भी नहीं सुलझी किस्सा कुर्सी के खेल की लड़ाई, अब अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव में चल रही सरकार की विदाई के साथ ही खत्म होगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

**चाकसू, (निसं)।** गुरूवार को उपखण्ड कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर क्षेत्रीय विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के खिलाफ उपखण्ड अधिकारी अशोक रिणवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि, उपखंड क्षेत्र में पी डब्लू डी द्वारा गांव खेजडी बुजुर्ग से भैरूजी मंदिर तामडिया मिसिंग लिंग रोड स्वीकृत हुई थी जिसकी लंबाई 3 किलोमीटर लागत 1.20 करोड़ है जिसको क्षेत्रिय विधायक ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर निजी लाभ के लिये अपने फार्म हॉउस पर डामर सड़क बनवा ली और भैरूजी मंदिर वाला रास्ता कच्चा पड़ा है। वहीं विधायक ने दो साल पहले सरकारी मशीनरी को दुरूपयोग करते हुये अपने निजी फार्म हाउस तक डामर रोड बनवा दी।

जबकी स्वीकृत रोड खेजडी से भैरूजी मंदिर रोड तक है, रेल्वे स्टेशन से तामडिया सडक नविनिकरण 2.80 करोड की लागत से बनी थी जो पहली बरसात से ही टूट गई जिसमे भेंजा भ्रष्टाचार हुआ है।

■ कार्यकर्ताओं ने कई आरोप लगाये

वर्ष 2016 में राजस्थान सरकार की बजट घोषणा में चाकसू हॉस्पीटल को सटेलाईट हॉस्पीटल की घोषणा की गई जिसमें सरकार द्वारा हॉस्पीटल के नाम जमीन आवंटन की गई 12.50 करोड की स्वीकृती हो गई। उसके बाद भी विधायक ने उस जमीन पर कोई कार्य चालू नहीं होने दिया और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये उद्घाटन नहीं होने दिया और स्वीकृत 12.50 करोड़ रूपये व 8 बीघा जमीन का आवंटन को निरस्त करवा दिया। विधायक ने उप जिला अस्पताल की नवीन भवन निर्माण की घोषणा खुद के व्यक्तिगत लाभ के लिये सरकार पर दबाव बनाकर गलत जगह जमीन आवंटन करवा ली जिस कारण बासनी में स्थित गौशाला के गौभक्त भयभीत है।

## उपखंड अधिकारी ने जनसुनवाई की

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत लाडाकाबास में जनसुनवाई गुरुवार को आयोजित हुई। एसडीएम बजरंगलाल स्वामी ने जनसुनवाई में आमजन की पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सफाई व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया।

जनसुनवाई में लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव, पूर्व सरपंच मदन यादव सहित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी अधिकारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण किया। इस दौरान लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव, पूर्व सरपंच मदन यादव ने उपखंड अधिकारी बजरंगलाल स्वामी को ग्राम पंचायत लाडाकाबास में एनएच 48 पर सर्विस लाइन पर जल भराव की समस्या से अवगत करवाया जिस पर उपखंड अधिकारी ने एनएचआई अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया। वहीं क्षतिग्रस्त डामर रोड में पैच वर्क करने व ग्राम पंचायत लाडाकाबास में चरागाह भूमि पर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी से चर्चा की।

# नवनियुक्त मालपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का विरोध

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर हाल ही में पीसीसी द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट पर पैराशूट अध्यक्ष होने का आरोप लगाने के साथ-साथ स्थानीय संगठन की अनदेखी करने पर कडी नाराजगी जताते हुए कांग्रेसजनों ने बैठक बुला ब्लॉक अध्यक्ष के विरूद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया।

डाक बंगले में हुई ब्लॉक कांग्रेसजनों की बैठक में निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि हंसराज गाथा, यूथ कांग्रेस मालपुरा विधानसभा अध्यक्ष मंशाराम दास स्वामी, सेवादल अध्यक्ष रामलाल फौजी, भारत जोडो यात्री शत्रुघ्न शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुरेश शर्मा, एडवोकेट

■ नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट पर पैराशूट अध्यक्ष होने का आरोप



नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के विरोध में कांग्रेसजनों ने निन्दा प्रस्ताव लिया।

कन्हैयालाल सैनी, सरपंच नरेन्द्र सिंह, कांग्रेस शहर अध्यक्ष इस्हाक नकवी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश सोनी, मुंशी खां बेलिम, धनरूप शर्मा, आकाश राय शर्मा, डीआर छोगालाल गुर्जर, सरपंच कमल जैन, गजेन्द्र, श्याम सुन्दर शर्मा, सीआर भंवर लाल चौधरी, डीआर भरत जाट, सलीम, गोपाल गुर्जर, देवकीनन्दन पालीवाल, बृजेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट को हटा स्थानीय व संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता को ही ब्लॉक अध्यक्ष बनाने के लिए प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर रंधावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से मिलने का निर्णय लिया।

## निमोरिया अध्यक्ष पद से निलम्बित

**कोटपूतली, (निसं)।** डॉ. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम बैरवा ने उपशाखा कोटपूतली के अध्यक्ष सतीश निमोरिया को वित्तीय अनियमितताओं एवं अनुशासनहीनता को लेकर प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए अध्यक्ष पद से निलम्बित किया है।

इस सम्बंध में बैरवा ने पत्र जारी करते हुए लिखा है कि समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लम्बे समय से निमोरिया पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाये जाते रहे हैं। इस सम्बंध में एक सामाजिक अंकेक्षण समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट में भी वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि की गई है। जिसको लेकर जिलाध्यक्ष मेहताराम काला ने भी पत्र व्यवहार किया तो निमोरिया ने पत्र का कोई समुचित व संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस सम्बंध में निमोरिया को प्रदेश कार्यकारिणी ने भी प्रदेश कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष व स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का मौका दिया था। किन्तु निमोरिया उसमें भी उपस्थित नहीं हुये। इस पर प्रदेशाध्यक्ष बैरवा ने अध्यक्ष निमोरिया को अनिश्चितकाल के लिए निलम्बित कर हरिपाल वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

## ब्राह्मण व राजपूत समाज पी.एम. के नाम ज्ञापन देगा

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित परशुराम भगवान मंदिर में ब्राह्मण एवं राजपूत क्षत्रिय समाज ने दो सदस्य निर्वाचन क्षेत्र व्यवस्था को बहाल करने की मांग पर इस मामले के प्रचार प्रसार को लेकर एक साथ पोस्टर बैनर विमोचन के साथ हुंकार भरी।

इस व्यवस्था की बहाली को लेकर ब्राह्मण एवं राजपूत क्षत्रिय समाज प्रधानमंत्री के नाम भी ज्ञापन सौंपेगा। ब्राह्मण राजपूत महाजन कायस्थ सिंधी बंजाबी समाजों के प्रतिनिधियों ने मिशन हम भारत के ब्राह्मण क्षत्रिय पदाधिकारियों के साथ एसडीएम तहसील मुख्यालय को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपने के लिए गंभीर विचार विमर्श किया। ज्ञापन में मांग की गयी है कि प्रदेश की 49 आरक्षित सीटों पर दो सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र व्यवस्था फिर से बहाल की जावे। इसके पक्ष में ये तथ्य दिया गया कि 1942 और 1947 के आम चुनावों तक ये व्यवस्था लागू थी और आरक्षित सीटों पर अनारक्षित (स्वर्ण) लोग भी चुनाव लड़ते और दोनों प्रत्याशी मतों के आधार पर जीतते थे। लेकिन 1961 में अधिनियम लाकर अनारक्षित वर्ग से यह अधिकार छीन लिया गया। देश में अपनी तरह की यह पहली संवैधानिक मांग है जिसे पूरी करवाने के लिए मिशन अब तक 14 विधानसभा सीटों पर मीटिंग कर के वहां से प्रधानमंत्री और कांग्रेस व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों को ज्ञापन भिजवा कर यह मांग की गई है कि इसी मानसून सत्र में बिल या अध्यादेश लाकर आरक्षित सीटों पर दो सदस्यीय निर्वाचन व्यवस्था पुन: बहाल की जावे। अब तक छह आरक्षित विधानसभा सीटों से यह ज्ञापन भेजा जा चुका है। बाकी नौ से इस महीने के आख़िरी दिन से पहले भेजे जाने की व्यवस्था है। ज्ञापन में दावा किया गया है कि दोनों बड़ी पार्टियों ने 75 सालों में राजपूत और ब्राह्मण समाज की तीन पीढ़ियों को बर्बादी की सीमा तक नुकसान पहुंचाया गया है।

इस दौरान योगेश्वर नारायण शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष हम भारत के ब्राह्मण एवं क्षत्रिय, ऋषि राज राठौड़ सह संयोजक हम भारत के ब्राह्मण एवं क्षित्रय रमाकांत भारती मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गोविंद सहाय शर्मा देहात अध्यक्ष शिवकुमार बंधु आदि मौजूद थे।